an>

Title: Need to introduce ambulance services in all long route trains.

डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। भारतीय रेल हमारे देश की शान है। आज हम पैलेस ऑन व्हिल्स जैसी गाड़ियाँ चलाकर उसमें पाँच सितारा होटल जैसी सुविधाएँ दे रही हैं। लेकिन बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इतने सालों के बाद भी हम भारतीय रेल में आपातकालीन समय में मरीजों के लिए प्राथमिक सुविधा भी उपलब्ध नहीं करा पाये हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि भारतीय रेल के प्रत्येक ट्रेन में, खासकर लंबी दूरी की ट्रनों में एक एम्बुलेंस कोच उपलब्ध कराया जाए, जिसमें आठ बेड तथा ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध हो, ताकि आपातकालीन समय में मरीजों की जान बचायी जा सके और उन्हें ट्रेन में ही प्राथमिक उपचार दिया जा सके। इसी तरह प्रत्येक बड़े स्टेशनों पर भी इन सुविधाओं से लैस क्लिनिक खोले जाएँ, ताकि मरीजों के स्टेशन पर उतरते ही प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर तुरंत इलाज के लिए बड़े अस्पताल में ले जाया जा सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुनील बलीराम गायकवाड़ द्वारा उठाये गये विषय से

श्रीमती संतोष अहलावत को संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।